**विर्सजन** जिले में जवारे विर्सजन का क्रम जारी, चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की साधना

# 301 घट कलशों की निकली शोभायात्रा



नवभारत/तेंदूखेड़ा। नौ दिनों तक चले शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की साधना की। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण भक्ति में लीन बना रहा। वहीं जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई थी।सुबह से लेकर देर रात्रि तक भगतों देवी जसों का क्रम बना रहा।अब नौ दिन के बाद विसर्जन का क्रम भक्ति भाव के साथ विशाल शोभायात्रा के माध्यम से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूमते नाचते हुए शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। समीपी ग्राम इमझिरा में कंकाली मठ में रखे 54 घट कलशों का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया। मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा खेरापति मंदिर से सीधी बरांझ नदी में जाकर विसर्जन किया गया। समीपी ग्राम डोभी में नौ रात्रि पर्व के दौरान विराजित किये गये 31 जवारों का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया। मुख्य शोभायात्रा बाजार मुहल्ला बस स्टैंड से होते हुए खेरापति मंदिर से पूजन अर्चन के उपरांत विधिवत विसर्जन किया गया।जवारे विसर्जन के उपरांत अब संपूर्ण क्षेत्र में कन्या भोज पूजन का क्रम भी जारी बना हुआ है।



## परमहंसी में राजराजेश्वरी मैया का मां सिंहवाहिनी स्वरूप में हुआ अलौकिक श्रृंगार



गोटेगांव समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित श्री वानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर आकर्षक मनमोहक आधुनिक कलात्मक कलाकृति से निर्मित भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रम्हांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंबा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी माँराजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते वासंतिक चैत्र नवरात्रि के आठवें दिवस अष्टमी पावन पर्व पर माँ राजराजेश्वरी मैयाजी का आदिशक्ति अष्ट भुजाधारी माता सिंहवाहिनी दुर्गा मैयाजी के स्वरूप में अति सुंदर अलौकिक मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया, मनभावक अद्वितीय श्रृंगार को देखकर श्रद्धालुओं का मन दर्शन करते ही प्रफुल्लित हो उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन आरतीवंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजश्री के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्तकर धर्म लाभ उठाकर अपना मानव जीवन का कल्याण कर रहे है।



## रामनवमी पर निकला भव्य जुलूस

**गाडरवारा।** राम नवमी के पावन अवसर पर नगर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। हाथों में भगवा ध्वज, जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों और भक्ति गीतों के साथ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। विभिन्न आकर्षक झांकियों में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के दिव्य स्वरूपों का प्रदर्शन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। युवाओं ने डीजे और बैंड-बाजों की धुन पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। वहीं, जगह-जगह समाजसेवियों द्वारा जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। यह जुलूस आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक बना।





## राम नवमी पर साईंखेड़ा में भव्य जुलूस, धर्ममय हुआ नगर का वातावरण

**साईंखेड़ा।** राम नवमी के पावन अवसर पर नगर परिषद साईंखेड़ा में भव्य एवं विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिद्ध तपस्वी संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर त्यागी जी टाटम्बरी सरकार (पांसी घाट) तथा सियाराम दास जी महाराज का नगर आगमन हुआ, जिनके दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुन पर निकले इस जुलूस ने नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पूरे क्षेत्र को भक्ति रंग में रंग दिया। श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा खिरका मोहल्ला स्थित महाकाल दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित 51 ज्वारे कलश स्थापना स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां विधिवत आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।संत त्यागी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनके आशीर्वचन से नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं आध्यात्मिक हो गया। उनके सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने धर्म, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम अनुभव किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे आयोजन अत्यंत सफल और भव्य बना। थाना प्रभारी रोहित कानोड़िया के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे आयोजन के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारु बनी रही।

# जयकारों के साथ विसर्जित हुए मां के जवारे, उमड़ा जनसैलाब

**साईंखेड़ा** । दादा जी धूनीवाले की पावन नगरी साईंखेड़ा में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व का समापन माता रानी के ज्वारों (घटों) के विसर्जन के साथ श्रद्धा और उल्लास पूर्वक हुआ। नगर के प्रमुख आस्था केंद्र श्री भीलट दरबार से माँ जगदम्बा के ज्वारों का भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें भक्ति, परंपरा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

**भक्तिमय मार्ग पर बही आस्था की बयार:** विसर्जन यात्रा का शुभारंभ बड़कुर निवास से विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। यहाँ से माँ के घटों को सिर पर धारण कर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए निकले। यह चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग (मेन रोड) से होता हुआ खेड़ापति दरबार पहुँचा। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर माँ का स्वागत किया और आरती उतारी।



**श्रद्धालुओं का रहा भारी हुजूम:** इस दिव्य आयोजन में केवल साईंखेड़ा नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गाँवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ढोल-धमाकों, मंजीरों और माता के भजनों पर थिरकते भक्तों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं में ज्वारा विसर्जन को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

**सुरक्षा और व्यवस्था:** चल समारोह के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद रहा। खेड़ापति दरबार पहुँचकर माँ के ज्वारों का विसर्जन किया गया और क्षेत्र की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। विसर्जन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण भी किया गया।

# खेरपति सिंहवाहिनी मंदिर में भंडारे का आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गोटेगांव।** समीप करकबेल चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर करकबेल स्थित माँ खेरपति सिंहवाहिनी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों की अविरल धारा बह रही है। मंदिर परिसर में नगर की सुख-समृद्धि की कामना के साथ 151 घट कलश स्थापित किए गए हैं। यहाँ बनाए गए भव्य पंडाल में विराजित जवारों के दर्शन हेतु प्रतिदिन जनसैलाब उमड़ रहा है। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और निरंतर चल रहे पूजा-पाठ से समूचा वातावरण धर्ममय हो गया है। मंदिर में



आयोजित होने वाली रात्रिकालीन आरती आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है, जिसकी शोभा देखते ही बनती है। ढोल, मृदंग, झंगझोरा और ताशे जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच माँ दुर्गा के नौ रूपों की महाआरती उतारी जा रही है।

### एक नजर में



## माता सिंह वाहिनी मंदिर में 1001 दीपों से महाआरती जगमगा रहे मनोकामना ज्योति कलश जवारे

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर सहित नवरात्रि पूरे नौ दिन तक चलने वाला यह पर्व हर साल की तरह इस बार भी लोग देवी मां के नौ रूपों की पूजा अर्चना में लीन रहें। माता सिंहवाहनी मंदिर में मनोकामना ज्योति: कलश जगमगा रहे हैं। मंदिर में आस्थावान श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। माता की भक्ति में भक्त लीन है, इस नवरात्र पर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर में माता सिंहवाहिनी और ज्योति कलश का दर्शन करने भक्त सपरिवार पहुंच रहे हैं। मंदिर में रोजाना भक्तिभाव के साथ आस्था पूर्वक माता की भव्य आरती और श्रृंगार किया जाताहे 1991 से पंडित नारायण प्रसाद मिश्रा जी के द्वारा बिना कोई सेवा शुल्क के माता जी के दरबार में सेवाएं प्रदान की जा रही है जो की निस्वार्थ सेवा का एक उदाहरण है जवारी स्थापना में पवन सेन को पांडा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ महिला और पुरुष मंडली द्वारा सुबह शाम मां के दरबार में मधुरमय जस, गीत गायन किया जा रहा है। महाअष्टमी 11 दीपों से भव्य एवं दिव्य महा आरती महाप्रसादी के साथ कन्या पांव पूजन व कन्या भोज महा भंडारे का आयोजन किया गया द्व पावन पर्व राम नवमी के अवसर पर गोटेगाँव विधायक महेन्द्र नागेश जी ने नगर में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान विधायक नागेश ने सिंहवाहिनी माता मंदिर, रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थापित जवारे में विधिवत पूजन-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आजाद वार्ड स्थित माता ठकरान दाई के जवारे में भी उपस्थित होकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। राम नवमी के अवसर पर नगर के राम मंदिर में आयोजित विशेष पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने भगवान श्रीराम के दर्शन किए एवं प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में गौरा देवी वार्ड स्थित श्री शिवशंकर मंदिर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में भी विधायक श्री नागेश सम्मिलित हुए, जहाँ उन्होंने भक्तों के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती पर भजन संध्या

**नवभारत**/तेंदूखेड़ा जियो और जीने दो अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर की जयंती अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज तेंदूखेड़ा द्वारा संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध सूडियाना भजन गायक अमित दुबे द्वारा 3 मार्च सोमवार को झंडा चौक परिसर में साढ़े 7 वजे से आयोजन किया जा रहा है।

## चिलचिलाती धूप में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर जद्दोजहद

**नवभारत/तेंदूखेड़ा** भले ही शासन प्रशासन रसोई गैस को लेकर किल्लत नहीं का भरोसा दिला रहा है। लेकिन असली हकीकत तो कस्बाई क्षेत्रों में देखने को मिल रही है।पहले 25 दिन और अब 45 दिन में एक बार रिफिलिंग को लेकर उपभोक्ता सिलेंडर भरवाने को गैस केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। शनिवार को आर्शीवाद भारत गैस केंद्र पर सिलेंडर भरवाने को लेकर चिलचिलाती धूप में उपभोक्ता बड़ी संख्या में देखे गए। उपभोक्ता अपने अपने सिलेंडर बड़ी संख्या में अपने बाहनों से लेकर पहुंचे।






## बड़ा हादसा टला, नगर पालिका की लापरवाही आई सामने

**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव नगर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नगर पालिका परिषद का एक फायर ब्रिगेड वाहन बड़े हादसे का कारण बनते-बनते बचा। सुबह करीब 11 बजे जब फायर ब्रिगेड वाहन जबलपुर की ओर जा रहा था, तभी ठाकुर बाबा मंदिर के समीप अचानक वाहन का कंडक्टर साइड का दरवाजा खुल गया। दरवाजे की चपेट में आने से सड़क किनारे चल रहे पवन पिता पन्नालाल को जोरदार टक्कर लग गई। गनीमत रही कि टक्कर लगने के बाद पवन सड़क के बाहर की ओर गिरा, जिससे उसकी जान बच गई। बताया जा रहा है कि पीड़ित पवन मानसिक रूप से कमजोर है। इस घटना ने नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है, क्योंकि दमकल जैसे आपातकालीन वाहन का दरवाजा खराब स्थिति में था। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि फायर ब्रिगेड जैसे महत्वपूर्ण वाहनों का नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

# 57 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन जारी

### गौवंश पालन हो हर सनातनी का कर्तव्य : राजीव लोचन दास महाराज

**नवभारत/ चीचली।** क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में 57 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन जारी है। यज्ञ के आयोजन से गांव का पूरा माहौल धर्ममय बना हुआ है । प्रतिदिन अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं प्रवचनों को सुनने यज्ञ स्थल आ रहे है। 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस यज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होते है। चौथे दिवस की कथा मे दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर श्री राजीव लोचन दास जी महाराज ने कहा कि गोवंश



पालन हर सनातनी का कर्तव्य होना चाहिए। राष्ट्र जब बचेगा जब हम सभी मिलकर जाति पार्टी के बंधनों से मुक्त होकर एक होकर दुष्ट प्रवत्तियों का सामना करेंगे। उन्होंने गुरु की महिमा एवं केवट प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। भगवान राम ने अपने भाइयो के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने मानस समागम के आयोजन में श्री राम आश्रम सत्संग सभा इमलिया के सेवा भाव की प्रशंसा की। श्री विष्णु महायज्ञ इमलिया में दिनांक 29 मार्च से विद्वान संत कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री 18 श्री रामस्वरूपाचार्य जी का आगमन हो रहा है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनों से उपस्थिति की अपील की है ।

# योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी

**नवभारत/ गाडरवारा।** प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में कहा कि पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिणाम सामने आते हैं।




### योजनाओं का लाभ और जनभागीदारी पर जोर

मंत्री ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर जनभागीदारी बढ़ी है। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया है, जो जून माह तक चलेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जल की हर बूंद का सदुपयोग करें और जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं।

**मुख्य संदेश**

यह शिविर केवल योजनाओं का वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, जल संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का अभियान है। सरकार का लक्ष्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और समाज मिलकर विकास में भागीदारी निभाए।

### जल संरक्षण और पर्यावरण के लिए संदेश

नदियों, झरनों और जल स्रोतों के संरक्षण पर सरकार काम कर रही है गंदे पानी को नदियों में जाने से रोकने के प्रयास जारी हैं पुराने कुओं, बावड़ियों और तालाबों की सफाई व मरम्मत जरूरी है पीजी कॉलेज के पास तालाब निर्माण कार्य को जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया साथ ही उन्होंने गर्मी में पक्षियों के लिए जल पात्र रखने की अपील की, जिससे जीवों का संरक्षण हो सके। हितग्राहियों को मिला सीधा लाभ शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया लाड़ली लक्ष्मी योजना के 1 हितग्राही संबल 2. के तहत 23 हितग्राही राष्ट्रीय परिवार सहायता के 5 हितग्राही 455 दिव्यांग हितग्राहियों को 1931 सहायक उपकरण वितरित इसके अलावा कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी कार्यक्रम में कलेक्टर रजनी सिंह, एस डी एम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में की अवधारणा को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है।



# अफवाहों ने बिगाड़े हालात पेट्रोल पंपों पर मची भगदड़

**नवभारत/ गाडरवारा।** में एक बार फिर अफवाहों ने प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोल दी। पेट्रोल-डीजल की कथित कमी की खबर फैलते ही शहर के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालत यह हो गई कि आम जनता के साथ-साथ एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं को भी घंटों इंतजार करना पड़ा। सवाल ये है कि जब प्रशासन और तेल कंपनियों ने किसी भी प्रकार की कमी से साफ इनकार किया है, तो आखिर ये अफवाहें फैलाई कौन रहा है। क्यों नहीं समय रहते प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित किया लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाते नजर आए, जिससे न केवल अव्यवस्था फैली बल्कि वाकई जरूरतमंद लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। ये घटना साफ दिखाती है कि अफवाहें कितनी खतरनाक हो सकती हैं – और उससे भी ज्यादा चिंताजनक है प्रशासन की धीमी प्रतिक्रिया। अब वक्त है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो प्रशासन समय रहते स्पष्ट जानकारी जारी करे जनता भी जागरूक बने और बिना पुष्टि के खबरों पर भरोसा न करे वरना ऐसे हालात बार-बार शहर को संकट में डालते रहेंगे।